न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रावतसर

क्रमांक / रीडर / 2025 / 121 दिनांक 14.02.2025

तहसीलदार राजस्व
रावतसर

विषयः— मुकदमा संख्या : 27 / 2022 प्रार्थना पत्र रास्ता स्वीकृति
अनवान मुकदमा :—
भादरराम पुत्र श्री बुधराम जाति मेघवाल निवासी 7 बी.पी.एस.एम. तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ,राज0।

—प्रार्थी

बनाम

1. सुभाषचन्द्र पुत्र पूर्णराम जाति मेघवाल निवासी 7 बी.पी.एस.एम. तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ राज0।
2. तहसीलदार राजस्व रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ,राज0।

—अप्रार्थीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत इस न्यायालय द्वारा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र रास्ता स्वीकृति पर दिनांक 14.02.2025 को निर्णय करते हुऐ अप्रार्थी सं. 1 की कृषि भूमि चक नम्बर 7 बी.पी.एस.एम. के पत्थर नम्बर 209 / 39(19) के किला नम्बर 1—10 के पश्चिमी पासा पर उतर से दक्षिण लम्बाई में प्रत्येक किला में 0.013 है. कुल 0.026 है0 भूमि को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है तथा रास्ता भूमि के बदले में प्रार्थी की कृषि भूमि चक 7 बीपीएसएम के प.नं. 209 / 39 (19) कि.नं. 12 की 0.013 है. उतरी पासा, 13 की 0.013 है. उतरी पासा भूमि अप्रार्थी सं0 1 के नाम दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। अतः आप इसी अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद कर पालना रिपोर्ट इस न्यायालय को अन्दर 7 दिवस में पेश करे।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी राजस्व
रावतसर

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
रावतसर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Kumar
Date: 2025.03.01 13:19:26 IST
Reason: SelfAttested